ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

पत्रांक : 1209 / भा.विवि / कुस.का / 2026
दिनांक : 22 जून 2026

## कार्यालय—ज्ञाप

कार्य परिषद् की 40वीं बैठक दिनांक 10 जून 2026 के मद संख्या—40.12 में लिये गये निर्णय के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के दिये गये विभिन्न दायित्वों के सापेक्ष उनके द्वारा कई कक्ष उपयोग में लिये जा रहे हैं, जब कि विश्वविद्यालय के पास सीमित संसाधन और अल्प अवस्थापना सुविधायें हैं तथा शिक्षकों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि हुयी है, ऐसे में कार्य परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन शिक्षकों के पास एक से अधिक कक्ष आवंटित हैं, वे स्वयं अन्य कक्षों को खाली कर इसकी सूचना सम्पत्ति अधिकारी को उपलब्ध करा दें, ताकि इनका सदुपयोग अन्य कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों में किया जा सके।

अतः कार्य परिषद् द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णय के अनुपालन में सम्बन्धित शिक्षकों से अपेक्षा है कि तत्काल अतिरिक्त कक्षों को खाली कर इसकी सूचना सम्पत्ति अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

22.6.2026

(विकास)
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वित्त अधिकारी
2. समस्त आचार्य / सह आचार्य / सहायक आचार्य
3. सम्पत्ति अधिकारी
4. वैयक्तिक सहायक को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. वेब एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु ।

22.06.2026

(मोहम्मद सहील)
उप कुलसचिव